(ङ) क्या सरकार के इस निर्णय के विरुद्ध लोक सभा और राज्य सभा के अनेक सदस्यों द्वारा लिखित रूप में अपना रोष व्यक्त किया गया है ; और

(च) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) से (च) अध्ययन की संशोधित योजना में, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने माध्यमिक स्कूल परीक्षा के लिए हिन्दी, अंग्रेजी तथा एक आधुनिक भारतीय भाषा को निर्धारित किया है। हिन्दी "क" पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में हिन्दी के साथ-साथ संस्कृत पढ़ायी जाएगी। साथ ही छात्र एक अतिरिक्त विषय के रूप में संस्कृत सहित सात श्रेष्ठ्य तथा यूरोपीय भाषाओं में से एक भाषा की भी पेशकश कर सकते हैं।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में अध्ययन की इस संशोधित योजना को आरम्भ किया जिसमें स्कूलों में भाषाओं का अध्ययन त्रिभाषा सूत्र के अनुसार होना अपेक्षित है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक बोर्ड स्तर पर भाषाओं के अध्ययन की संशोधित योजना की घोषणा करने के बाद, कुछ संसद सदस्यों सहित अनेक लोगों ने अपना मत व्यक्त करते हुए लिखा है कि इस व्यवस्था से स्कूलों में संस्कृत के अध्ययन में कमी आयेगी। संस्कृत के महत्व को कम करने का कोई भी इरादा नहीं है। अध्ययन की संशोधित योजना में, केवल कक्षा VIII तक संस्कृत के अध्ययन के पहले के प्रावधान की अपेक्षा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली माध्यमिक परीक्षा में बैठने वाले अधिकांश छात्रों द्वारा हिन्दी "क" पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में संस्कृत का अध्ययन किया जाएगा। छात्र और अधिक परिपक्व आयु में इसका अध्ययन करेंगे और चूंकि यह बोर्ड परीक्षा में परीक्षा के योग्य बन जायेगी। इसलिए इसका अध्ययन अधिक गंभीरता से किया जाएगा।

Fire at Sahar Airport, Bombay

902. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item which appeared in the Indian Express dated the 10th February, 1989 to the effect that major fire broke out at Sahar Airport, Bombay;

(b) if so, what were the causes of the out -break of fire;

(c) what is the estimated loss of life and property; and

(d) whether any inquiry has since been conductetd in this regard; if so what are the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL) : (a) Yes, Sir.

(b) to (d) An inquiry Committee has been set up by IAAI to enquire into the cause of the fire and assess the damage. The inquiry is in progress. There has been no loss of life due to the incident.

Hike in the fares of Indian Airline

903. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state ;

(a) whether Indian Airlines has increased its fares recently :

(b) if so, to what extent ; and

(c) what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL) : (a) Yes, Sir.

(b) Increase in domestic fares of Indian Airlines were to the extent of 10% to 5% in various distance slabs upto 500 kms.

(c) Increase in fares is a part of the exercise for rationalisation of fares in order to improve recovery of cost of operations on short sectors.

आदर्श रेलवे स्टेशन योजना

904. **डा. अबरार अहमद खान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाने की योजना के तहत अब तक देश में कितने रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाया गया है तथा उनमें से कितने स्टेशन राजस्थान में है तथा वहां पर क्या-क्या सुविधाएं दी गयी हैं ;

(ख) क्या इस योजना का कार्य लक्ष्य के अनुरूप चल रहा है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं तथा कितने रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बना दिये जाने का प्रस्ताव था ; और

(ग) राजस्थान में सभी रेलवे स्टेशनों को कब तक आदर्श रेलवे स्टेशन बना दिया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) देश में 67 स्टेशनों को आदर्श स्टेशनों के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है। इनमें से 5 स्टेशन अर्थात् बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, भरतपुर तथा अजमेर राजस्थान मे है।

आदर्श स्टेशनों पर काम में, इस सदी के अन्त तक प्रत्याशित यातायात की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, यथा आवश्यक, स्टेशन भवन के ढांचे में परिवर्तन के साथ-साथ यात्रियों के लिए अतिरिक्त सुविधाओं, सहित, विभिन्न सुधार शामिल हैं। इन सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी, उनमें पेय जल, शौचालय, रोशनी की बेहतर व्यवस्था प्लेटफार्मों का परिवर्तन और उनमें सुधार तथा प्लेटफार्मों पर सायबान प्रतीक्षालय, विश्रामालय, बुकिंग और आरक्षण सुविधाओं में सुधार, ऊपरी पैदल पुल, प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकताओं के अनुरूप परिचलन क्षेत्र, सम्मिलन क्षेत्र का सुधार आदि शामिल हैं।

(ख) धन की उपलब्धता के अनुरूप, सभी स्टेशनों पर निर्माण-कार्य प्रगति पर हैं। अधिक आवश्यक सुविधाओं में कमियों को पूरा करने को प्राथमिकता दी गयी है, जिन्हें उत्तरोत्तर किया जा रहा है और इनके 1990-91 तक पूरा हो जाने की सम्भावना है इन स्टेशनों पर प्रस्तावित सुधार सम्बन्धी शेष काम भी आठवीं योजना के मध्य तक पूरे हो जाने की सम्भावना है।

(ग) राजस्थान के सभी रेलवे स्टेशनों को आदर्श स्टेशनों में बदलने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, जैसे ही आदर्श स्टेशन के काम पूरे हो जायेंगे, उसी आधार पर अन्य स्टेशनों को विकसित करने में सुविधा हो जायेगी।

Electrification of railway tracks

905. DR. ABRAR AHMED KHAN Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) what is the length of railway tracks electrified in the country during the last three years, State-wise ; and

(b) what are the zonal railways where steam engines have been replaced by diesel engines during the last three years?